

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

जीवन में चुनौतियों का सामना करना अनिवार्य है, लेकिन उन्हें हल करना आपके अंदर की ताकत और क्षमता का परिचय देता है।

सोमवार 08 जून 2026 बर्ष 02 अंक 149 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे हरनौत के मधोपुर–सबनहुआ किया शिष्टाचार मुलाकात

## पूर्व सीएम पहुंचे हरनौत, सुरक्षा–व्यवस्था का कड़ी इंतजाम, 40 वर्ष के बाद पहुंचे गांव

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बिहार के पूर्व सीएम सह जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार रविवार के सुबह नालंदा जिले के हरनौत नगर पंचायत में स्थित अपने मौसी के यहां जाकर परिवार वालों से शिष्टाचार मुलाकात किए। पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला गांव में तकरीबन सवा ग्यारह बजे पहुंचे। जहां नितिश कुमार जिंदाबाद के नारे से गुंज उठा।इस दौरान पूर्व सीएम ने गाड़ी में से हाथ जोड़कर लोगों का स्वागत किया।तकरीबन पांच मिनट तक पूर्व सीएम गांव में ठहरे।जहां अपने मौसी स्व. देव लगन देवी एवं मौसा स्व रामानंद सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के आलावा बिहार विधान परिषद में सदस्य एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, सतारूढ़ दल विधान परिषद में उपनेता ललन सर्राफ, जदयू जिलाध्यक्ष मो.अरशद,जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह,निरंजन सिंह,रामजी सिंह सहित अन्य मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुबह से हीं गांव से लेकर कल्याण विभाग रोड तक सुरक्षा



व्यवस्था कड़ी थी।इस दौरान बिहारशरीफ एसडीएम किसलय श्रीवास्तव,एसडीपीओ–2 संजय कुमार जायसवाल,हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा,कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती सहित सहित दर्जनों पुलिस बल सुरक्षा–व्यवस्था में तैनात दिखें।पूर्व सीएम के आगमन को लेकर सुबह से हीं ग्रामीणों की भीड़–भाड़ थी।लोगों में खुशियां थी। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 40 वर्ष एक बार वे पहुंचे थे। उस समय वे सक्रिय नेता थे।इस दौरान लोगों के विभिन्न समस्या को आवेदन भी सौंपा।मौके बीडीओ डॉ पंकज कुमार,ईओ सौरव सुमन,जदयू प्रखंड प्रवक्ता रौशन,नगर जदयू अध्यक्ष श्याम बालक साव,कक्कू,पार्षद प्रतिनिधि परमेंद्र पांडे, बंटीं सहित अन्य मौजूद थे।

# कुंड में डुबकी लगाने और वैतरणी पर होने से मिलता है भवसागर पार होने का फल – सुधीर कुमार उपाध्याय



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला में 22 कुंड और 52 धाराओं में स्नान के साथ–साथ वैतरणी में श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाने से भवसागर पार होने का फल मिलता है। ऐसी मान्यता है कि इस मेला में 33 कोटि देवी–देवताओं का वास एक माह के लिए राजगीर में ही होता है। पंडा कमेटी के प्रवक्ता सह अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एलआईसी के सेवानिवृत विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार उपाध्याय ने कहा कि दान और पूजा करने का पद्म पुराण में वर्णन आया है। इसी भाव और मान्यता के साथ वे अपने परिवार के साथ 33 कोटि देवी–देवताओं को नमन करके दान पुण्य किए। पंडा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मदेव उपाध्याय ने कहा कि यह नगरी पावन है। यहां पर आकर इस मेला में कुंड स्नान का काफी महत्व है। इस मौके पर संजय पाण्डेय, स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रत्यूष कुमार उपाध्याय, राजेश उपाध्याय, सीतांशु उपाध्याय, नमन उपाध्याय, प्रिंस उपाध्याय, नूतन देवी, अर्चना देवी, राजगीर विकास समिति के उमराव प्रसाद निर्मल भी मौजूद थे।

# विश्व साइकिल दिवस पर नालंदा में निकली भव्य साइकिल रैली, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश


**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को नालंदा में फिटनेस, स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भव्य साइकिल रैली एवं विभिन्न फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन नालंदा, फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेलो इंडिया के तत्वावधान में खेलो इंडिया सेंटर रग्बी, नालंदा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना तथा साइकिल को एक स्वस्थ, पर्यावरण–अनुकूल, किफायती और टिकाऊ परिवहन माध्यम के रूप में बढ़ावा देना था। रैली का शुभारंभ निर्धारित समय पर किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ रैली में भाग लेते हुए फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने षफिट इंडिया, हिट इंडियाष् ष्स्वस्थ शरीर, स्वस्थ जीवनष् तथा ष्साइकिल अपनाएं, पर्यावरण बचाएंष् जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस प्रत्येक वर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य साइकिल के महत्व, स्वास्थ्य लाभों तथा पर्यावरण संरक्षण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साइकिल एक सरल, सुलभ, स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन साधन है, जिसे वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है।



कार्यक्रम के दौरान नियमित साइकिल चलाने के लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है, हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा मानसिक संतुलन और तनाव प्रबंधन में भी सकारात्मक सुधार होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों एवं स्थानीय नागरिकों ने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।






अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

# पावापुरी में हाइवा और कार में भीषण टक्कर में एक युवक की मौके पे मौत, हाइवा चालक फरार



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (नालंदा)।** नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र में रविवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग–20 पर एक तेज रफ्तार हाइवा और एक कार की भीषण टक्कर में कार सवार 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा पावापुरी ओपी क्षेत्र के अभिलाषा होटल के समीप हुआ, जहाँ टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और मार्ग पर लंबे समय तक जाम लग गया। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के गोटीया गांव निवासी गणेश मिस्त्री (35), पुत्र शिवशंकर मिस्त्री, के रूप में हुई है। पि.रजनों के अनुसार गणेश रविवार की शाम अपनी कार से नवादा के पचरूखी स्थित ससुराल जा रहे थे। दोनों वाहन–कार और हाइवा–बिहारशरीफ की ओर जा रहे थे। अभिलाषा होटल के समीप गणेश ने आगे चल रहे तेज गति के हाइवा को ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान साइड–भिड़ंत हुई और कार हाइवा के नीचे समाने से बची। घायलों या फंसे हुए शव को निकालने में पुलिस ने भी कठिनाई जताई। पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह व गिरियक थाना की फोर्स घटनास्थल पर पहुंची लेकिन कार के लोहे के मलबे में गणेश का शव फंस गया था। स्थानीय प्रशासन ने जेसीबी बुलाकर कार के परखच्चे काटकर भारी मशक्कत के बाद शव निकाला। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वा.हनों को क्रेन की मदद से हाईवे किनारे हटाया गया और लगभग एक घंटे में जाम खुलवाकर यातायात सामान्य किया गया। पुलिस ने बताया कि हाइवा चालक मौके से फरार हो गया है और उसकी धरपकड़ के लिए छापेमारी जारी है। घटना के संबंध में पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। गणेश की मृत्यु की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव गोटीया और ससुराल पचरूखी में शोक और कोहराम मच गया है।पावापुरी ओपी प्रभारी ने कहा कि मामले की गम्भ.ीरता को देखते हुए शीघ्र आरोपित को पकड़ने और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। आगे की जांच व आवश्यक कार्रवाई जारी है।

# राजगीर मलमास मेला में प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुदृढ़, बिछड़े श्रद्धालुओं को परिजनों से मिलाने में मिली सफलता




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर मेला क्षेत्र पहुंचाने के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह 5 बजे समाहरणालय परिसर, बिहारशरीफ से विशेष बस सेवा संचा.लित की जा रही है, ताकि सभी कर्मी अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन कर सकें। मेला क्षेत्र के ब्रह्मकुंड परिसर में आने वाले दिव्यांगजन, वृद्धजन तथा महिला–पुरुष श्रद्धालुओं की सहायता के लिए व्हीलचेयर सेवा उपलब्ध कराई गई है। आपदा मित्र पूरी निष्ठा के साथ नियमित रूप से श्रद्धालुओं को यह सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जिला प्रशासन के प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं कर्मी भी श्रद्धालुओं की सेवा में लगातार जुटे हुए हैं।वहीं, जिला प्रशासन द्वारा संचालित खोया–पाया केंद्र श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। केंद्र की सहायता से मेला में बिछड़े कई श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से सकुशल मिलाया गया। शनिवार को मेला में अपने परिवार से बिछड़ गई 12 वर्षीय एक बच्ची को ब्रह्मकुंड स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से खोजकर उसकी दादी से मिलवाया गया। बच्ची के परिजनों ने जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। जिला प्रशासन ने कहा कि राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सहायता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा प्रशासन पूरी मुस.तैदी के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# 15 जून तक मलमास मेला, देश के कोने–कोने से पहुंच रहे हैं श्रद्धालु 33 कोटि देवता का आशीर्वाद पाने राजगीर में उमड़ रही भक्तों की भीड़



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** धार्मिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी राजगीर इन दिनों पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के कारण विशेष रूप से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। राजगीर की धरा पर 33 कोटि देवता विराजे हुए हैं। इससे मलमास में यहां का महात्मय बढ़ा हुआ है। सनातन परंपरा में पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु की आराधना, दान–पुण्य, जप–तप और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। यह विशेष मास 15 जून तक चलेगा, जिसके कारण राजगीर के मंदिरों, कुंडों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां की पांचों पहाड़ियां देवताओं और ऋषि–मुनियों की तपोभूमि रही है। लोक आस्था में यह विश्वास प्रचलित है कि यहां 33 कोटि देवी–देवताओं का निवास है। इसी कारण पुरुषोत्तम मास में यहां स्नान, पूजा और परिक्रमा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु पवित्र कुंडों में स्नान कर भगवान विष्णु एवं अन्य देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर रहे हैं।

**जप, तप व दान का विशेष महत्व**

पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर कुमार उपाध्याय ने बताया कि अधिक मास प्रत्येक तीन वर्ष के आसपास आता है। इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। शास्त्रों में इस मास को भगवान विष्णु का स्वरूप माना गया है। इस दौरान किए गए जप, तप, दान, व्रत, कथा–श्रवण और तीर्थाटन का फल कई गुना अधिक प्राप्त होने की मान्यता है। यही कारण है कि काफी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# मेला के बाद भी छबिलापुर मोड़ के पास नहीं हो सका सड़क अतिक्रमण मुक्त, परेशानी, पैदल चलने वाले रास्ते पर दुकानदार पसारे रहते हैं सामान

## सड़क पर ही सजती है सब्जी की दुकानें, हो सकता है हादसा, एनएच पर होटल वालों ने बना रखा है पार्किंग

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला लगने के बाद भी प्रशासन ने शहर के सबसे व्यस्त चौक में से एक छबिलापुर मोड़ के पास सड़क को अतिक्रमण मुक्त नहीं करा सकी। इस कारण यहां पर शाम से जो जाम लगता है वह देर रात तक जारी रहता है। वहीं दिन में भी यहां पर जाम लग जाता है। इस स्थान पर जाम का मुख्य कारण दुकानदारों ने पैदल चलने वाले पाथवे पर अपना सामान पसार रखा है। उसके बाद वे सड़क पर अपने बाइक लगाते हैं। इसके बाद बचे खुचे सड़क पर सब्जी वालों का अतिक्रमण होता है। इतना ही नहीं

छबिलापुर मोड़ के पास ही बिहाशरीफ मार्ग की ओर और छबिलापुर जाने वाले रास्ते में दो कतार में ऑटोरिक्शा लगी होती है। इससे भी जाम लगता है। लोगों ने कहा कि कुछ साल पहले ऐसी हालत नहीं थी। प्रशासन की उदासीनता के कारण ही छबिलापुर मोड़ पर जाम लगता है। इतना ही नहीं शहर में लेदुआ पुल के पास सरस्वती नदी में तो कई दुकानें सज गयी है। वहीं लेदुआ पुल के पास प्राधिकार की जमीन पर भी कई दुकानें लगा दी गयी है। इन सबों पर प्रशासन आंखें बंद कर रखी है। इतना ही नहीं पिछले दो साल से अधिक से पुरानी पेट्रोल पम्प से लेकर पर्यटन सूचना केन्द्र पर एनएच को एक होटल के द्वारा लोहे की रस्सी से घेरकर सड़क को अतिक्रमण कर रखा है। हालांकि यहां से रोजना जिला से लेकर अनुमंडल तक के अधिक. ारी गुजरते हैं पर किन्हीं को इसी सुध नहीं है। इस तरह के अतिक्रमण के कारण कभी भी शहर में लोग दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।



लोगों ने प्रशासन से इस तरह की अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। यहां पर सब्जी वाले भी सड़क पर ही दुकानें सजाये रहते हैं। इस स्थिति में सब्जी खरीदने वाले या फिर बेचने वालों के साथ कभी भी हादसा हो सकता है। वे गाड़ियों की चपेट में आ सकते हैं। वहीं मेला के कारण गाड़ियों की लंबी कतारे होती है। ऐसी हालत में यहां से पैदल पार हो पाना भी मुश्किल होता है। सड़क पर गाड़ी होती है और किनारे में सब्जी की दुकानें। लोग जाएं तो कहां जाएं।

### एनएच पर ही होती है पार्किंग

पार्किंग की पूरी व्यवस्था नहीं रहने व सख्ती नहीं होने से चालक एनएच किनारे ही ट्रक व अन्य वा. हनों को दिनभर लगाए रहते हैं। होटल वालों के पास भी अपनी पार्किंग नहीं होने से वे एनएच पर ही गाड़ियों को लगवा देते हैं। आसपास के गांवों में जाने वाले ई–रक्शा, टेंपो और झरझरिया वाहन भी एनएच पर ही सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं। इससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और जाम के साथ ही हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर में 185 मरीजों की हुई जांच



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन, श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य निःसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। सोसाइटी की ओर से बताया गया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। शिविर में कुल 185 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 56 मरीजों, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 45 मरीजों, फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिंह ने 80 मरीजों, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय देवरंजन ने 15 मरीजों, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 15 मरीजों तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 20 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। इसके अतिरिक्त 40 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) जांच भी की गई।

शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. अखिलेश कुमार (फिजिशियन), डॉ. उमेश कुमार सिंह (फिजिशियन), डॉ. अभिनव कुमार सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. उदय देवरंजन (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौतम कुमार (होम्योपैथिक चिकित्सक), डॉ. रितेश कुमार (होम्योपैथिक चिकित्सक) तथा डॉ. मो. हम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) शामिल रहे। सभी चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान एवं उचित उपचार संबंधी सलाह दी। शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सा. `साइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, प्रमोद पंडित, शंभू कश्यप, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, नीतीश कुमार, रविंद्र कुमार, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, प्रो. स्वधर्म, सुषमा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अरुण कुमार एवं संजय कुमार ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपस्थित लोगों ने सभी सदस्यों की सेवा भावना, समर्पण और सहयोग की सराहना करते हुए इसे शिविर की सफलता का प्रमुख आधार बताया।









# धानुक समाज के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, बिहार धानुक एकता संघ का गठन



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** धानुक समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को रहुई प्रखंड अंतर्गत भागन बिगहा स्थित लालजी होटल परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीकांत प्रसाद ने की, जबकि संचालन अमोद कुमार द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का नाम षबिहार धानुक एकता संघष रखा गया। साथ ही, अरविंद धानुक को नालंदा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके जिला अध्यक्ष बनने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। सभी ने उन्हें फूल–मालाओं से सम्मानित कर भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में नव–मनोनीत जिला अध्यक्ष अरविंद धानुक ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ को नालंदा से लेकर पूरे बिहार में मजबूत संगठन के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि समाज के लोगों को किसी भी समस्या के समय सहयोग मिल सके। उन्होंने संघ के विस्तार के लिए जिला, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचा तैयार करने पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्रीकांत प्रसाद ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने तथा उन्हें पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा ही समाज और संगठन को नई दिशा दे सकते हैं।बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा संघ की जिला कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें विरमनी राउत को जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन प्रसाद को जिला महासचिव, श्रवण कुमार को जिला सचिव, जितेंद्र कुमार को जिला कोषाध्यक्ष, अमोद कुमार को जिला कार्यकारिणी सदस्य सह जिला मीडिया प्रभारी तथा श्रीकांत प्रसाद को संघ का संस्थापक मनोनीत किया गया। बैठक में दयानंद राउत, डॉ. विनोद कुमार, मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार, जितेंद्र कुमार, सुदामा महतो, तुलसी महतो, दिलीप कुमार राउत, धर्म कुमार, नीतीश कुमार, गोलू कुमार, रवि कुमार, प्रभात कुमार, सोनू कुमार, मन्नू कुमार सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुपासंग गांव में ट्रांसफार्मर चलने से जल संकट गहराया



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूई (नालंदा)।** रहूई प्रखंड क्षेत्र के सुपासंग पंचायत क्षेत्र के सुपासंग गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सह वार्ड सदस्य अजीत कुमार ने बताया कि गांव में स्थित वार्ड संख्या 7 में पिछले कुछ दिनों से 63 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने से टोला में बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गया है। बिजली नहीं रहने से जल संकट भी गहरा गया है। इसका खामियाजा लगभग 100 घरों से अधिक लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि टोला में एक भी सरकारी चापाकल नहीं रहने के वजह से और भी समस्या गंभीर बना हुआ है। इन दिनों पड़ रहे भीषण गर्मी और ऊपर से बिजली नहीं रहने से घरों में रहने वाले लोगों को दोहरी मार झेलना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए लोग इधर–उधर भटकते रहते हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल समस्या का समाधान करने की मांग की है। वही विद्युत पर–शाखा धमौली के विद्युत कनीय अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि ओवरलोड रहने की वजह से ट्रांसफार्मर जली है। जल्द ही ट्रांसफार्मर को बनाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# सड़क नवीनीकरण से राहगीरों को आवागमन में होगी सुविधा

## हरनौत नगर पंचायत के गोगीपर मोहल्ला से लेकर माधोपुर सबनहुआ छठ घाट जाने वाली सड़क का नवीनीकरण कार्य



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहले से बनी विभिन्न सड़कों को नवीनीकरण किया जा रहा है.इसी कडी में हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में स्थित गोगीपर मुहल्ले से माधोपुर–सबनहुआ छठ घाट(एनएच–31 से ग्राम सबनहुआ पंचायत सबनहुआ भाया हरनौत बाजार तक) जाने वाली पहले से बनी हुई सड़क को नवीनीकरण किया जा रहा है।वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत इसका नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है.यह कार्य बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग(आरडब्लूडी) द्वारा किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पहले से बनी हुई सड़क का व्यवस्थित जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण करना है। उन्होंने बताया कि पहले इस सड़क की स्थिति खराब थी लोगों को आने–जाने में परेशानीयां होती थी.जबकि इस मार्ग से दोनों छठ महापर्व ( कार्तिक एवं चौती ) में हज. ारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है.साथ ही साथ प्रतिदिन सैकडों लोगों का बाजार में आना जाना रहता है. सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी.वहीं इस कार्य का ठेका मेसर्स दयानंद प्रसाद सिन्हा एण्ड कम्पनी को दिया गया है। सड़क की कुल लंबाई 930 मीटर है।जिसमें पीसीसी(प्लेन सीमेंट कंक्रीट) सड़क की लंबाई 630 मीटर बाकि कालीकरण(बिटुमिनस) सड़क है।इसके लिए प्राक्कलित राशि तकरीबन 52 लाख रुपये है।

# धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध 141.10 करोड़ रुपये का भुगतान, शेष राशि के लिए आवंटन की प्रतीक्षा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत पैक्स एवं व्यापार मंडलों द्वारा पंजीकृत किसानों से अधिप्राप्त धान के विरुद्ध अब तक कुल 6,23,755.51 क्विंटल (2,150.88 लॉट) सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) राज्य खाद्य निगम के विभिन्न अधिसू. चित संग्रहण केंद्रों में जमा कराया जा चुका है। जमा किए गए सीएमआर का कुल मूल्य 228.60 करोड़ रुपये है। इसके विरुद्ध राज्य खाद्य निगम मुख्यालय, पटना से प्राप्त सीसी लिमिट (कैश क्रेडिट लिमिट) एवं आवंटन के आलोक में राज्य खाद्य निगम, नालंदा द्वारा अब तक 3,83,670.00 क्विंटल (1,323 लॉट) सीएमआर का मूल्य कुल 141.10 करोड़ रुपये पैक्स एवं व्यापार मंडलों को भुगतान किया जा चुका है।वर्तमान में 2,40,085.51 क्विंटल (827.88 लॉट) सीएमआर का मूल्य लगभग 87.99 करोड़ रुपये भुगतान हेतु अवशेष है। इस राशि के विरुद्ध 16.31 करोड़ रुपये की सीसी लिमिट प्राप्त हो चुकी है। शेष निधि प्राप्त होते ही भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर दी जाएगी। अवशेष राशि के भुगतान के लिए राज्य खाद्य निगम मुख्यालय, पटना से लगातार सीसी लिमिट एवं अतिरिक्त आवंटन की मांग की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही आवंटन प्राप्त होगा, जमा किए गए सीएमआर के विरुद्ध लंबित राशि का भुगतान तत्काल प्रभाव से संबंधित पैक्स एवं व्यापार मंडलों को कर दिया जाएगा।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120